**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## हिंदी विश्वविद्यालय में अंतर विद्यापीठ खेल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**वर्धा, 8 सितंबर 2026:** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में खेलों से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर विद्यापीठ खेल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन सोमवार, 7 सितंबर को दूर शिक्षा निदेशालय के भवन में बैडमिंटन प्रांगण में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद बैडमिंटन का मैच खेला गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।





इस अवसर पर कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र गादेवार, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष प्रो. फरहद मलिक, क्रीड़ा समिति के पदेन सचिव डॉ. निशीथ राय, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ. प्रियंका मिश्रा, राजेश यादव, एंड. रवीन्द्र गुरु, सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह खेल प्रतियोगिता 26 अक्टूबर तक चलेगी। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कुश्ती, मल्लखंब, टेबल टेनिस,योग, शतरंज, रस्साकसी, बास्केटबॉल, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो और क्रिकेट आदि खेलों को शामिल किया गया है। इन खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील विश्वविद्यालय ने की है।

## हिंदी विश्वविद्यालयात आंतरविद्यापीठ क्रीडा स्पर्धेचे उद्घाटन

**वर्धा, ८ सप्टेंबर २०२६ :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात क्रीडाविषयक उपक्रमांना चालना देण्याच्या उद्देशाने आंतरविद्यापीठ क्रीडा स्पर्धा २०२६ चे आयोजन करण्यात आले असून, त्याचे उद्घाटन सोमवार, ७ सप्टेंबर रोजी दूरशिक्षण संचालनालयाच्या इमारतीतील बॅडमिंटन प्रांगणात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या हस्ते करण्यात आले. उद्घाटनानंतर बॅडमिंटन सामन्याचे आयोजन करण्यात आले. या सामन्यात विद्यार्थ्यांनी उत्साहाने सहभाग नोंदविला.

यावेळी कुलसचिव कादर नवाज खान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र गाडेवार, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, क्रीडा समितीचे अध्यक्ष प्रा. फरहद मलिक, क्रीडा समितीचे पदसिद्ध सचिव डॉ. निशीथ राय, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. प्रियंका मिश्रा, राजेश यादव, ॲड. रवींद्र गुरु तसेच संशोधक आणि विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते. ही क्रीडा स्पर्धा २६ ऑक्टोबरपर्यंत चालणार आहे. स्पर्धेत बॅडमिंटन, कुस्ती, मल्लखांब, टेबल टेनिस, योग, बुद्धिबळ, दोरीखेच, बास्केटबॉल, कबड्डी, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, ॲथलेटिक्स, खो-खो आणि क्रिकेट आदी खेळांचा समावेश करण्यात आला आहे. या क्रीडा स्पर्धांमध्ये मोठ्या संख्येने सहभागी होण्याचे आवाहन विद्यापीठातर्फे करण्यात आले आहे.

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651   मोबाइल/Mobile : 9960562305**